इस दुनिया में अमीर किसको नही बनना है ? पर अमीर कैसे बने वह किसीको पता नही। अमीर बनने के लिए संघर्ष करना पड़ता है बगैर संघर्ष के तुम कुछ नही बन पाओगे। आओ हम तुम्हे अमीर बनने के लिए दस टिप्स देते हो जो आपके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

हमारी चेनल पर नए हो तो चेनल को सब्सक्राइब जरूर करे।

सबसे पहले आपको पैसे के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। आपका पैसा कहां से और कितना आ रहा है और कितना पैसा कहा पर जा रहा है। अपना एक बजट बनाइए। और पैसे को समस्या की तरह नही बल्कि सारी समस्याओं के समाधान की तरह देखिए। पैसा एक tool है जिसका उपयोग बुद्धिमानी से किया जाना चाहिए।

पैसा न तो बुरा है और न ही खुशी का स्रोत है। यह एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग अच्छी तरह से या बुरी तरह से किया जा सकता है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण रूप से इसका उपयोग जीवन के कई सपनों को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। कहते हैं ना कि किसी चीज़ को सिद्दत से चाहो तो सारी कायनात आपको उससे मिलाने में लग जाती है तो आप भी पैसे को पूरी सिद्दत से चाहो और उसे पाने के लिए जी जान से जुट जाइए।

किसी चीज़ की आदत आपको पैसे से दूर कर देती है। आदतें जैसे की शोपिंग, नए फ़ोन या गैजेट्स लेने का लालच आपको पैसे से दूर कर देता है। पैसे को पहले बचाना सीखे, उसको फालतू की चीज़ों पर खर्च करने के बजाए इन्वेस्ट करें।

जितना आप कमाते हैं अगर उससे ज्यादा खर्च करेंगे तो जल्द ही आप कंगाल हो जाएंगे। अपने लिए एक बजट बनाएं। जिन चीज़ों की आपको जरूरत नहीं है उन चीजों पर पैसा खर्च ना करें। क्रेडिट कार्ड का इस्तेमाल करना बंद करें, नहीं तो आप अपनी कमाई से ज्यादा का सामान खरीदेंगे और खुद को एक जाल में फंसा लेंगे जहां से निकलना बहुत मुश्किल होगा।

पैसे को बचाना सीखे। अपनी कमाई का एक हिस्सा बचत खाते में रखें। लोग अपने पैसे सेव करते ही नहीं है इसका खामियाजा और एहसास लोगो को कोरोना काल में हुआ। लोगों के पास इतनी सेविंग भी नहीं थी कि वह बिना किसी कमाई के साधन के ४-५ महीने घर में बैठ सके। अगर आप१२००० भी कमाते हैं तो तीन-चार हजार सेविंग अकाउंट में जरूर डालें।

हम बहुत सी ऐसी चीजों पर बहोत पैसा खर्च करते हैं जिन्हें हम बचा सकते हैं। जैसे रोजाना जंक फूड पर या फिर रेस्टोरेंट में डिनर के बजाय घर पर बनाकर खा सकते हैं।

वोरेन बफेट का नाम तो आपने सुना ही होगा अगर नहीं तो आपको बता दूं कि वह एक इन्वेस्टर है जो सिर्फ इन्वेस्टिंग की बदौलत दुनिया के टॉप ५ अमीर लोगों में शामिल हो गए थे। इंडिया में इन्वेस्टिंग को आम लोग जुआ समझते हैं। लेकिन यह कोई सट्टा या जुए का खेल नहीं है। वैसे भी बिना नॉलेज के किया गया हर काम सट्टा ही तो है। जैसे आप पैसा कमाने के लिए काम करते हैं इन्वेस्टिंग में पैसा आपके लिए काम करता है और ज्यादा पैसा कमाने के लिए।

पैसा जितना कमाना मुश्किल है उससे कहीं ज्यादा मुश्किल है उसे हैंडल करना। कितने ही लोग ऐसे हैं जिन्होंने पैसा तो कमाया लेकिन बरकरार नहीं रख पाए। पैसा मुट्ठी की रेत की तरह होता है जितना मुट्ठी कसोगे उतना हाथों से निकलता जाएगा। इसलिए इसको बचा के रखने के बजाए इन्वेस्ट करें जहा ये ओर पैसा बना सके।

अगर आपको हमारा विडियो पसंद आया हो तो लाईक शेर और चेनल को सब्सक्राइब अवश्य करे।